संख्याः 25/1197 /60-2-15-2/

प्रेषक,

मुख्य सचिव,

उ0प्र0, शासन।

सेवा में,

1. समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0

2. समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उ0प्र0

महिला एवं बाल विकास अनुभाग-2 लखनऊः दिनॉक 29 अप्रैल, 2015

विषयः- बच्चों के कुपोषण की वेब बेस्ड ट्रैकिंग हेतु न्यूट्रिशन सर्विलेन्स वेबसाइट के संबंध में।

महोदय,

अवगत कराना है कि प्रदेश में वर्तमान में underweight (अल्प वजन) के आधार पर कुपोषित कुल बच्चों की संख्या 42 प्रतिशत है। वर्ष 1998 से वर्ष 2006 के मध्य 03 वर्ष से कम आयु के बच्चों में अल्प वजन की माप में प्रतिवर्ष 01 प्रतिशत बिन्दु से भी कम की कमी आयी है। यह स्थिति संतोषजनक नहीं है। इस हेतु यह आवश्यक है कि प्रत्येक अल्प वजन के बच्चे की नियमित ट्रैकिंग की जाय और ऐसे अल्प वजन के बच्चों के चिन्हांकन के फलस्वरूप उनकी आवश्यकतानुसार ट्रैकिंग करते हुए आवश्यक हस्तक्षेप किया जाय ताकि अल्प वजन की समस्या का निराकरण हो सके।

अतः उपर्युक्त के संदर्भ में राज्य पोषण मिशन के अन्तर्गत एक न्यूट्रिशन सर्विलेन्स वेबसाइट http://www.upsnm.in/nutrition/ का संचालन प्रारम्भ किया गया है। इस वेबसाइट पर प्रथम चरण में जनपद में लाल श्रेणी मे चिन्हित प्रत्येक underweight बच्चे की मासिक ट्रैकिंग की जानी है। ट्रैकिंग के आधार पर वेबसाइट पर ही प्रत्येक बच्चे के ग्रोथ चार्ट के निरूपण की भी व्यवस्था है, जिससे उस बच्चे के कुपोषण की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। इस प्रकार सम्बन्धित बच्चे के लिए आवश्यक हस्तक्षेप का निर्धारण सुलभ होगा। पिछले माह की यह सूचना आंगनबाडी

केन्द्र से प्राप्त की जायेगी एवं माह की 10 तारीख तक वेबसाइट पर अंकित की जानी होगी।

http://shasanadesh.up.nic.in

उपरोक्तानुसार वेबसाइट पर ट्रैकिंग संबंधी डाटा इण्ट्री की कार्यवाही के लिए राज्य पोषण मिशन उ0प्र0 द्वारा प्रति जनपद प्रतिमाह रू0 10,000/- (दस हजार मात्र) का आवंटन जिला कार्यक्रम अधिकारी को किया जायेगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा जिलाधिकारी से नियमानुसार अनुमोदन प्राप्त कर उक्त धनराशि से आउट सोर्सिंग के आधार पर डाटा इण्ट्री का कार्य कराना सुनिश्चित किया जायेगा। उक्त धनराशि जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा पोषण मिशन नाम से राष्ट्रीयकृत बैंक में एक बचत बैक खाता खोलते हुये उसमें रखी जायेगी। इस खाते का संचालन जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं सहायक संख्या अधिकारी, बाल विकास एवं पुष्टाहार द्वारा संयुक्त रूप से किया जायेगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा उक्त खाते से होने वाले व्यय का विवरण प्रत्येक माह राज्य पोषण मिशन को उपलब्ध कराया जायेगा।

अतः अनुरोध है कि माह अप्रैल, 2015 से उपरोक्त वेबसाइट पर निरन्तर कुपोषित बच्चों की ट्रैकिंग का कार्य नियमित रूप से किया जाना सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय

आलोक रंजन
मुख्य सचिव

पृष्ठांकन सख्याः 25/1197/60-2-15-2/ तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0 शासन।
2. महानिदेशक, राज्य पोषण मिशन, उ0प्र0।
3. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0।
4. समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।
5. महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, उ0प्र0।
6. महानिदेशक, परिवार कल्याण, उ0प्र0।
7. निदेशक,बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0।
8. समस्त मुख्य चिकित्साधिकारी, उ0प्र0।
9. समस्त जिला कार्यक्रम अधिकारी, उ0प्र0।

सदाकान्त
प्रमुख सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in